Annexure - 'A' (624)

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं
मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक झारखण्ड
वन भवन, डोरण्डा, रांची-834002

Email : pccf-wildlife@gov.in,Phone No. 0651-2481744

732
02/03/2023

पत्रांक : 266 रांची दिनांक: 01/03/2023

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची।

विषयः– सी0सी0एल0 द्वारा चन्द्रगुप्त खुली खदान कोल परियोजना हेतु 699.38 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल अंतर्गत 400.96 हे0 हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल अंतर्गत 298.42 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव (**FP/JH/MIN/140599/2021**) के संबंध में।

प्रसंगः– भवदीय का पत्रांक 165 दिनांक 20.02.2023

01/3

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि सी0सी0एल0 की चनद्रगुप्त खुली खदान कोल परियोजना की कुल लीज क्षेत्र 1495 हे0 है, जिसमें 699.38 हे0 वनभूमि है, जो लीज क्षेत्र का 47 प्रतिशत है। इसके अपयोजन से काफी मात्रा में वन भूमि प्रभावित होगा। जिसका प्रभाव जंगल एवं जंगली जानवरों पर पड़ना स्वभाविक है। समर्पित प्रस्ताव पर क्षेत्रीय मुख्य संरक्षक, हजारीबाग का पत्रांक 445 दिनांक 17.02.2023 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल तथा चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल का site inspection report/ recommendation में निम्नवत facts का उल्लेख किया गया हैः–

1. हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल का मंतव्यः– "The entire patch of forest land proposed for diversion is undulating but in almost compact patch, rich in flora and fauna diversity, from a forester's perspective it is a good and healthy forest with fair amount of degradation on the fringes. The forest is very rich in flora composition and the predominant species is sal (Shorea robusta) along with the associated species like Kendu (Diaspryos melanoxylon), Khair (Acacia catechu), Syzigium Cumini, Mahua (Madhuca indica), Bamboo, Neem (Azadirachta indica), Boswellia serrata etc. The forest floor is dominated by herbs and shrubs of medicinal importance like, Asparagus racemosus, Sarpagandha, vitex negundo, wild turmeric, Ban tulsi, Indigofera pulchlla, etc. The fauna reported in the area include Striped Hyena (Hyena), Sptted Deer, Nilgai, Common mongoose with Asiatic Elephant through not resident but regularly visit in the area apart from other reptiles and amphibians."

"The area harbours many wild animals including stripped hyena, Asiatic elephant, so to mitigate the negative impact of mining on resident and migratory wild animals, a Wildlife Management Plan is required to be prepared and implemented effectively."

2. चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल का मंतव्यः– "The applied area is a good habitat of wildlife, The proposed area and its surrounding area also, being a habitat of many wild animals, shall definitely bear some impacts on residing and adjoining wild animals for which a Wildlife Management Plan shall be required." The Asian elephants, the endangered ones, through do not reside in the proposed areas, they visit these areas every year in search of food and fodder and damage the crops, houses etc.

D:\pandey\letter 2

PROJECT OFFICER
CHANDRAGUPT OPEN CAST PROJECT
AMRAPALI-CHANDRAGUPT AREA, CCL

उपरोक्त मंतव्य से स्पष्ट है कि प्रस्तावित वन भूमि एवं इसके आस–पास के क्षेत्र में विभिन्न वन्यप्राणियों का प्राकृतिक पर्यावास है। साथ ही इस क्षेत्र से जंगली हाथियों का आवागमन होते रहता है। प्रस्तावित खनन कार्य का वन एवं वन्यप्राणियों पर कम से कम प्रभाव हो इसके लिए विषयगत प्रस्ताव की स्वीकृति के कम में स्थल विशिष्ट वन्यप्राणी प्रबंधन योजना का निर्माण तथा इसका कियान्वयन प्रयोक्ता अभिकरण के खर्च पर कराया जाना नितांत आवश्यक प्रतीत होता है।

प्रस्तावित स्थल विशिष्ट वन्यप्राणी प्रबंधन योजना में निम्न बिन्दुओं का भी समावेश आवश्यक प्रतीत होता है:–

(क) प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा परियोजना क्षेत्र के भीतर और आसपास के क्षेत्रों पर विषय वस्तु विशेषज्ञ/विशेषज्ञों के माध्यम से पारिस्थितिकी, और वनस्पतियों और जीव जंतुओं पर परियोजना के संभावित प्रभाव का आकलन किए जाना अपेक्षित होगा। यह landscape areas में वनस्पतियों और जीवों पर डेटा के संग्रह के माध्यम से किया जा सकता है और इस हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा rare/endangered/unique species of flora and fauna को Jharkhand हेतु भारतीय वानस्पतिक सर्वेक्षण (BSI) द्वारा The list of threatened plant species endemic to region और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) द्वारा झारखंड की जीव–जंतु लुप्तप्राय प्रजातियों की सूची को संदर्भ में रखा जाना अपेक्षित होगा ताकि प्रस्तावित परियोजना क्षेत्र में और उसके आसपास वैज्ञानिक डेटा का सत्यापन कर पारिस्थितिकी के संभावित कुप्रभाव की रोकथाम और शमन उपायों की निगरानी और बचाव हेतु उचित निर्णय लिया जा सके।

(ख) योजना का निर्माण विशेषज्ञों के सहायता से किया जाय, 'जिसमें संकटग्रस्त पौधों की प्रजातियों व जीव–जंतुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों और पडने वाले संभावित कुप्रभाव की रोकथाम और शमन उपायों की निगरानी और बचाव सहित परियोजना निर्माण से अद्भूत वन्यप्राणियों के habitat fragmentation तथा वन्यप्राणी संरक्षण के दृष्टिकोण से प्रतिकूल प्रभाव पडने एवं उससे निपटने के उपाय के साथ तैयार किया जाय। योजना के कार्यान्वयन के Monitoring and Evaluation के लिए विशेषज्ञ रखने का भी प्रावधान योजना में किया जाय।

अनुलग्नक:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

28/02/23

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी
एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड

PROJECT OFFICER
CHANDRAGUPT OPEN CAST PROJECT
AMRAPALI-CHANDRAGUPT AREA, CCL

D:\pandey\letter 2